24 घंटे देखे यश भारत
डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 161 ● कटनी ● बुधवार, 13 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-14 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## शिवपुरी ADM बोले- वोटिंग और लोकतंत्र देश की सबसे बड़ी गलती

**भोपाल यशभारत।** शिवपुरी के अपर कलेक्टर (ADM) उमेश शुक्ला ने नगरीय निकाय चुनाव से एक दिन पहले लोकतंत्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि हमने वोट डालकर भ्रष्ट नेता पैदा किए हैं। उन्होंने मतदान से एक दिन पहले मंगलवार को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल उठाए। उनका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। कुछ लोग वोटर लिस्ट में नाम बढ़वाने को लेकर अपर कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे। उसी दौरान एक व्यक्ति ने उनसे कहा कि वोटर लिस्ट में नाम बढ़ जाता तो अच्छा होता। इस बात पर अपर कलेक्टर कहने लगे- आपने आज तक वोट डालकर क्या किया? कितने भ्रष्ट नेता पैदा किए? मैं वोट डालना और लोकतंत्र को देश की सबसे बड़ी गलती मानता हूं। अपर कलेक्टर शुक्ला का यह VIDEO निकाय चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग से ठीक एक दिन पहले देर रात सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जो व्यक्ति अपर कलेक्टर से मिलने चैंबर में आया था, उसके मोबाइल का कैमरा चालू होने की आशंका में उन्होंने कैमरा बंद करने की बात भी कही, लेकिन व्यक्ति ने कहा कि कैमरा बंद है।

## म प्र में नगरीय निकाय चुनाव का आखिरी चरण

# कटनी समेत पांच नगर निगमों, 40 नगर पालिका परिषद ,169 नगर परिषद में उत्साहपूर्ण मतदान

**भोपाल,यशभारत। मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव में दूसरे और अंतिम चरण में आज 43 जिलों के 214 नगरीय निकायों में शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है। समाचार लिखे जाने तक 60 फीसदी मतदान हो चुका है। शाम 5 बजे तक चलने वाले मतदान के दौरान कुल 6 हजार 829 मतदान केंद्रों पर 49 लाख 9 हजार 280 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे।**

राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने बताया कि दूसरे चरण में पांच नगरपालिक निगम, 40 नगरपालिका परिषद और 169 नगर परिषद में मतदान हो रहा है। मतदाता को आयोग द्वारा निहित 20 पहचान-पत्रों में से कोई एक पहचान-पत्र मतदान के लिए साथ में लाना अनिवार्य है। आज कटनी, रतलाम, देवास, रीवा और मुरैना नगरनिगम में मतदान हो रहा है। इसके अलावा नगरपालिका परिषद बैरसिया, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, रायसेन, बेगमगंज, मंडीदीप, आष्टा, सिरोंज, खरगोन, बड़वाह, सनावद, शिवपुरी, चंदेरी, चौरई, परासिया, बालाघाट, महिदपुर, खाचरौद, नागदा, जावरा, शुजालपुर, आगर-मालवा, देवरी, बीना, नौगांव, महाराजपुर, हटा, टीकमगढ़, सीधी, मैहर, नर्मदापुरम, पिपरिया, सिवनी मालवा, मुलताई, धनपुरी, अनूपपुर, पसान, भिंड, गोहद और सबलगढ़ , कटनी नगर निगम और बरही नगर परिषद और शहडोल की नगरीय निकाय धनपुरी, ब्यौहारी, खांड और बकहो में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। बुंदेलखंड के दमोह जिले की हटा नगर पालिका परिषद और तेंदूखेड़ा व पटेरा नगर पंचायत के अलावा पन्ना जिले की गुनौर नगर परिषद, पवई और अमानगंज में मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर रहे हैं। जबलपुर के कटंगी, मझौली, पाटन और शहपुरा नगर परिषद में भारी उत्साह से मतदान किया जा रहा है। वहीं बालाघाट नगर पालिका, कटंगी व लांजी नगर परिषद के अलावा सिवनी की छपारा और केवलारी नगर परिषद में,सतना जिले की नगर पालिका परिषद मैहर, नगर परिषद नागौद, रामपुर बाघेलान, रामनगर, अमरपाटन व कोटर के अलावा रीवा नगर निगम, नगर परिषद गोविंदगढ़, गुढ़, सिरमौर, बैकुंठपुर, त्योंथर, मनगवां, सेमरिया, चाकघाट व डभौरा में मतदान चल रहा है।





### टीकमगढ़ में भाजपा विधायक और कांग्रेस नेता के बीच विवाद, भाई चोटिल

टीकमगढ़ में भाजपा विधायक राकेश गिरी और कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री यादवेंद्र सिंह बुंदेला के बीच वार्ड क्रमांक एक में विवाद हो गया। इस हंगामे में विधायक के भाई को चोट भी आई है। विवाद की जानकारी लगने पर कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी और एसपी प्रशांत खरे भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। इस वार्ड से भाजपा प्रत्याशी नेहा गिरी गोस्वामी और कांग्रेस से सीता कुशवाह मैदान में हैं।

### बसपा प्रत्याशी को पोलिंग बूथ से बाहर निकाला,

उधर मुरैना में बसपा की महापौर प्रत्याशी ममता मौर्य को पुलिस को पोलिंग बूथ से जबरन बाहर करना पड़ा। बसपा प्रत्याशी पोलिंग बूथ में ही मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहीं थी। इसे नियम विरुद्ध मानते की जब ममता मोर्य को बाहर किया तो वह विरोध करने लगीं, इस पर महिला पुलिस ने उनको जबर्दस्ती बाहर दिया।

### मंत्री मीना सिंह का आरोप उन पर हमला हुआ

उमरिया में बीती रात मध्य प्रदेश की मंत्री मीना सिंह पर हमला होने की जानकारी सामने आई है, हालांकि मीना सिंह को किसी भी तरह की कोई चोट नहीं लगी है और वह पूरी तरह से सुरक्षित है। नईदुनिया से चर्चा करते हुए मीना सिंह ने बताया कि वह रात को मानपुर से लौट रही थी, तब डेढ़ सौ की संख्या में कांग्रेसियों ने उनकी कार को घेर लिया और कार के सामने लेट गए। कार के चालक को कार से निकालकर बुरी तरह से पीटा गया। बीच-बचाव करने गए गनमैन को भी मारा गया। इतना ही नहीं मीना सिंह का हाथ पकड़कर खींचा गया और उनके बाल भी पकड़े गए। मीना सिंह का कहना है कि इस मामले में भी उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है, लेकिन शाम को गए थाने में आरोपितों के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज कराएंगी।

## रोहित के सिक्स से छोटी बच्ची घायल

**ओवल एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला मंगलवार को ओवल में खेला गया। भारतीय पारी के दौरान टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा के एक शॉट से छोटी बच्ची घायल हो गई। बाद में रोहित ने चोट लगने पर चिंता जताई और बच्ची का हाल-चाल जाना। वहीं, 5 मिनट के लिए मैच रुका रहा। चोट लगने के बाद इंग्लैंड ने अपनी मेडिकल टीम को तुरंत



बच्ची के पास भेजा।दरअसल, भारतीय पारी के 5वें ओवर में स्ट्राइक पर रोहित शर्मा थे। इंग्लैंड की ओर से डेविड विली गेंदबाजी कर रहे थे। ओवर की पहली और दूसरी गेंद पर कोई रन नहीं बना। वहीं, तीसरी गेंद शॉट पिच थी। जिसे रोहित ने स्कॉयर लेग ब्राउंड्री की तरफ पुल किया। गेंद स्टैंड में बैठी छोटी बच्ची को जा लगी। गनीमत रही कि बच्ची को ज्यादा गंभीर चोट नहीं आई।वहीं, रोहित बच्ची को चोट लगने की वजह से दुखी नजर आए। इंग्लैंड की टीम ने मानवता दिखाते हुए तुरंत स्टैंड में बच्ची को देखने के लिए मेडिकल टीम भेजी।



# मालदीव ने गोटाबाया राजपक्षे को शरण देने से किया इंकार

## दर-दर भटकने को मजबूर श्रीलंकाई राष्ट्रपति!

**माले/कोलंबो,एजेंसी।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के मालदीव फरार हो जाने का कड़ा विरोध शुरू होने के बाद अब माले की सरकार भी बैकफुट पर आ गई है। मालदीव के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि गोटाबाया राजपक्षे अपनी पत्नी के साथ केवलट्रांजिट के लिए माले पहुंचे हैं और आगे की यात्रा के लिए वह किसी और देश रवाना हो जाएंगे। इससे पहले श्रीलंका की वायुसेना ने एक बयान जारी करके कहा था कि उसने राष्ट्रपति राजपक्षे को मालदीव पहुंचाया है। श्रीलंका में जनता जोरदार प्रदर्शन कर रही है और अभी तक गोटाबाया राजपक्षे ने इस्तीफे का ऐलान नहीं किया है। जनता ने श्रीलंकाई राष्ट्रपति को दोपहर 1 बजे तक का समय दिया था।श्रीलंका में खराब होते हालात को देखते हुए इमरजेंसी लागू कर दिया गया है। मालदीव के अधिकारी ने यह नहीं बताया कि गोटाबाया राजपक्षे किस देश में शरण लेने जा रहे हैं। इससे पहले अमेरिका ने गोटाबाया राजपक्षे को वीजा देने से इंकार कर दिया था। वहीं भारत ने भी इस बात का पुरजोर खंडन किया है कि उसने गोटाबाया को देश छोड़कर भागने में मदद की है। भारत ने गोटाबाया राजपक्षे को देश से बाहर निकलने में मदद करने संबंधी खबरों को'निराधार और अटकलबाजी' करार दिया है। श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने ट्विटर पर स्पष्टीकरण दिया और कई मीडिया आउटलेट्स द्वारा किए जा रहे ऐसे दावों को खारिज कर दिया है।

## चीन- पाकिस्तान में तबाही मचा सकते हैं अग्निबाण, खुलासा

# भारत के पास है 210 परमाणु बम की क्षमता

**वॉशिंगटन,नई दिल्ली,एजेंसी। अमेरिकी वैज्ञानिकों की संस्था फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट ने अपनी ताजा रिपोर्ट में खुलासा किया है कि भारत ने 140 से लेकर 210 परमाणु बम बनाने के लिए जरूरी सैन्य प्लूटोनियम पैदा कर लिया है। हालांकि भारत के पास अभी 160 परमाणु बम ही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत लगातार लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलें बना रहा है जिससे उसे जल्द ही नए परमाणु हथियारों की जरूरत होगी। यही नहीं भारत परमाणु बम को दागने के लिए 4 नए हथियार सिस्टम का भी निर्माण कर रहा है।**

भारत के निशाने पर पाकिस्तान था लेकिन अब चीन पर भी पूरा फोकस हो गया है और यही वजह है कि अग्नि- 5 जैसी परमाणु मिसाइल का निर्माण किया जा रहा है।अमेरिका के दिग्गज वैज्ञानिकों ने अपने ताजा परमाणु नोटबुक में कहा कि भारत लगातार तेजी से अपने परमाणु हथियारों के जखीरे को बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत कम से कम 4 नए हथियार सिस्टम का निर्माण कर रहा है ताकि वर्तमान परमाणु बम गिराने वाले फाइटर जेट, जमीन और समुद्र आधारित डिलिवरी सिस्टम को या तो मजबूत बनाया जा सके या उन्हें बदला जा सके। इनमें से कई सिस्टम पूरा होने की कगार पर हैं और जल्द ही युद्ध में अपना लोहा मनवाने के लिए तैयार हो जाएंगे। भारत कथित रूप से 210 परमाणु बम के लिए जरूरी प्लूटोनियम के अलावा भी प्लूटोनियम को पैदा कर रहा है। भारत के पास अभी 70 से लेकर 150 किलोग्राम प्लूटोनियम है। माना जा रहा है कि भारत चीन को ध्यान में रखकर जिन मिसाइलों को बना रहा है, उनके लिए परमाणु बम बनाने में अतिरिक्त प्लूटोनियम का इस्तेमाल किया जाएगा।



भारत ने चीन के खिलाफ बढ़ाया फोकस, बढ़ा रहा परमाणु ताकत

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत पहले अपने परमाणु रणनीति में पाकिस्तान को केंद्र में रखता था लेकिन अब उसने चीन पर अपना फोकस काफी बढ़ा दिया है। यही नहीं भारतीय मिसाइलों की रेंज में अब चीन के ज्यादातर इलाके आ गए हैं। भारत के पास अब जमीन, हवा और पानी तीनों से ही परमाणु दागने की क्षमता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि भारत 8 अलग-अलग तरह के परमाणु क्षमता वाले सिस्टम का इस्तेमाल कर रहा है। इसमें दो एयरक्राफ्ट, 4 जमीन आधारित और दो समुद्र आधारित मिसाइलें शामिल हैं। इसके अलावा 4 सिस्टम अब बनकर तैयार होने की स्थिति में हैं। भारत के सैन्य प्लूटोनियम को मुंबई में भाभा परमाणु शोध संस्थान में बनाया जा रहा है। भारत एक और प्लूटोनियम पैदा करने रिएक्टर को बनाने की योजना बना रहा है।

# भारी बारिश से गुजरात -महाराष्ट्र में तबाही, 18 और मौतें



**नई दिल्ली ,एजेंसी** गुजरात और महाराष्ट्र में भारी बारिश जानलेवा साबित होने लगी है। समाचार एजेंसी के मुताबिक भारी बारिश के कारण बीते 24 घंटे में 3 राज्यों में 18 लोगों की मौत हो चुकी है। आसमानी आफत में गुजरात और महाराष्ट्र में अब तक 150 लोगों ने जान गंवाई है। गुजरात के अहमदाबाद में सबसे अधिक बुरा हाल है। वहीं सूरत में छह जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के चमोली में कर्णप्रयाग के पास भूस्खलन के कारण बद्रीनाथ राजमार्ग बंद हुआ। महाराष्ट्र के पालघर के वसई इलाके में भूस्खलन की घटना सामने आई है। घरों के क्षतिग्रस्त होने के साथ ही कई लोगों के फंसे होने की आशंका है. अब तक दो लोगों को बचाया गया। पालघर कलेक्टर ने इसकी जानकारी दी है। भारी बारिश के कारण जून महीने से लेकर अब तक महाराष्ट्र में 80 से अधिक लोग जान गंवा चुके हैं। जून महीने से लेकर अब तक गुजरात में 70 लोग जान गंवा चुके हैं। मौसम विभाग के मुताबिक गुजरात में दो दिन में ही 38 फीसदी बारिश हुई है। मौसम विभाग ने बताया है कि दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से लोगों की राहत मिली है। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों में बारिश के साथ गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है।मौसम विभाग के मुताबिक तेलंगाना में मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है, वहीं गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भारी बारिश और बाढ़ ने अब तक 18 लोगों की जान ले ली है। वहीं दूसरी ओर कर्नाटक और असम में हजारों लोग बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में हैं। राजस्थान में छिटपुट स्थानों पर भारी बारिश हुई, जबकि कुछ अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। महाराष्ट्र के मुंबई, ठाणे और रायगढ़ और पालघर के कुछ हिस्सों में आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## झारखंड के धनबाद में जमीन दरकने से 4 की मौत

**धनबाद ,एजेंसी।** झारखंड के धनबाद में प्रधानखंटा रेलवे लाइन के पास अंडरपास कंस्ट्रक्शन साइट पर मिट्टी दरकने से 4 लोगों की मौत हो गई। SSP धनबाद ने बताया कि घटना से गुस्साए लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया जिसके चलते प्रधानखंटा-धनबाद-गया रूट पर रात को कुछ ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा और कुछ का रूट बदलना पड़ा। लेकिन सुबह 5.25 बजे से लाइन क्लीयर है।

# भाजपा की ओर हाथ बढ़ा रहे हैं उद्धव?

## द्रौपदी मुर्मू के समर्थन के ये हो सकते हैं बड़े कारण

**मुंबइ एजेंसी।** महाराष्ट्र के राजनीतिक गलियारे से आ रही खबरों के मुताबिक शिवसेना सुप्रीमो उद्धव ठाकरे का झुकाव अब भाजपा की ओर हो रहा है। शिवसेना ने राष्ट्रपति चुनाव में नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने का फैसले को इसी नजरिये से देखा जा रहा है। खबर है कि सोमवार को हुई बैठक में पार्टी के 18 में से 12 सांसद पहुंचे और पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुर्मू के समर्थन का अनुरोध किया। अब ठाकरे दावा कर रहे हैं कि उन पर यह फैसला लेने का किसी तरह का दबाव नहीं था, लेकिन उनके इस कदम में कई संकेत मिलते नजर आ रहे हैं। एक अग्रेंजी दैनिक की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से लिखा है मुर्मू के समर्थन के फैसले के पीछे ठाकरे का एक बड़ा संदेश छिपा हुआ है। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अच्छे संबंध चाह रहे हैं और केंद्र के साथ भी बिगड़े रिश्तों को सुधारना चाहते हैं। इस फैसले के जरिए ठाकरे अप्रत्यक्ष तौर पर यह दिखाना चाहते हैं कि शिवसेना और भाजपा के रिश्ते खत्म नहीं हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ नेता ने शिवसेना के फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा, जब पहली बार एक आदिवासी महिला को प्रोजेक्ट किया जा रहा है, तो कोई क्यों आपत्ति उठाएगा? फैसले का विरोध करने की कोई भी कोशिश महाराष्ट्र के आदिवासियों के बीच सही नहीं होगी। उन्होंने बात में माना कि पार्टी के पास सीमित विकल्प बाकी थे। नेता ने कहा, एक ओर हमारे पास मुर्मू के तौर पर शिक्षित और अनुभवी आदिवासी नेता है। वहीं, दूसरी ओर विपक्ष के उम्मीदवार के तौर पर यशवंत सिन्हा हैं। विपक्ष में भी सिन्हा को लेकर सहमति नहीं है। इसके बाद सेना उनका समर्थन क्यों करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, सेना के सूत्रों ने बाल ठाकरे का भी जिक्र किया कि कैसे उन्होंने विचारधारा और राजनीतिक मतभेदों को अलग रखते हुए क्क उम्मीदवार प्रतिभा पाटील और प्रणब मुखर्जी का समर्थन किया था। एक शिवसेना नेता ने कहा, च्राजनीति में आप हमेशा के लिए दरवाजे बंद नहीं करते हैं। भविष्य का अनुमान कौन लगा सकता है?



### भाजपा ने भी किया फैसले का स्वागत

भाजपा की तरफ से भी ठाकरे के फैसले का स्वागत किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, एक पार्टी पदाधिकारी ने कहा, च्राजनीति में कोई स्थाई दोस्त या दुश्मन नहीं होता। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व भी ठाकरे के साथ अपने संबंध खत्म नहीं करना चाहता। पार्टी सूत्रों के हवाले से बताया गया कि भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में राज्य और केंद्रीय नेताओं ने कैडर से ठाकरे को निशाना नहीं बनाने की अपील की है।

## ट्रेन हाईजैक... ट्विटर पर इस अफवाह से दहशत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कर्नाटक संपर्क क्रांति ट्रेन में यात्रा कर रहे एक यात्री ने हाल ही में ट्विटर पर ट्रेन के हाईजैक होने का ट्वीट किया। भारतीय रेलवे और सिकंदराबाद डीआरएस को टैग करते हुए लिखे इस ट्वीट को देखकर रेल विभाग में खलबली मच गई। हाईजैक की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होते ही ट्रेन में बैठे यात्री भी डर के मारे घबराने लगे। बाद में पता लगा कि यह एक अफवाह थी।दरअसल, हुआ ये कि ट्रेन अपने रूट से डायवर्ट होकर चल रही थी। यह देख यात्री कृष्णा सीएच बेहरा ने ट्वीट में लिखा डियर IRCTC ऑफिशियल - डीआरएम सिकंदराबाद ट्रेन नंबर 12650 हाईजैक हो गई है, प्लीज मदद कीजिए। इस मैसेज को देख रेलवे विभाग फौरन एक्शन में आया और यात्री को पूरी स्थिति से अवगत कराया। मगर इस बीच ट्वीट के वायरल होने से लोग पैनिक हो गए, सोशल मीडिया पर गुस्सा दिखाने लगे।

# लाइव.... नगर सरकार बनाने क्या-क्या हुआ शहर में

## रात भर बजे सायरन, उड़ती रही अफवाह खुले रहे चुनाव कार्यालन, सोशल मीडिया पर अपीलों का दौर, लाइक कमेंट की गिनती

कटनी,यशभारत। आज कटनी में नगर निगम का सिरमौर चुनने के लिए मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। यूं तो भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस और निर्दलीय में टक्कर नजर आ रही है लेकिन फिर भी जानकार साफ कह रहे हैं कि परंपरागत वोटों का आंकलन किया जाए तो भाजपा तथा कांग्रेस के बीच ही मुकाबला होगा इस लिहाज से कहा यह भी जा रहा है कि शहर में भाजपा का परंपरागत वोट बैंक काफी ज्यादा है। लिहाजा भितरघात कामयाब नहीं हुआ तो परिणाम वहीं होंगे जिसे लेकर कयास लग रही हैं।


झिंझरी स्थित मतदान केन्द्र में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कतार में लगकर किया मतदान।

यश भारत
खबर विशेष


अमकुही में उत्साह के बीच मतदान हुआ। मतदान के बाद उंगली में स्याही दिखाकर जागरूकता का परिचय देते मतदाता।

### बजते रहे सायरन, उड़ती रहीं अफवाह

इधर मतदान की रात बेहद संवेदनशील रात रही। रात भर सायरन बजाती पुलिस की गाड़ियों की दौड़ लगती रही कहीं से शराब बंटने की खबर आई तो कहीं पर साड़ियों को बंटने से पहले पकड़ने का वीडियो वायरल होता रहा।

### मंदिरों में पहुंची प्रत्याशी

प्रत्याशियों की बात करें तो इनको भला नींद कैसे आती। कल पूरे दिन और फिर रात के तीसरे पहर तक रूठों को मनाने का सिलसिला जारी था। नेताओं ने गुपचुप अपने सारे प्रयास कर डाले कहीं से फोन करवाया गया तो कहीं पर जो जिसकी बात मान सकता था उससे कहलवाया गया। इधर मंदिरों मे भी भगवान ही सहारा नजर आये भाजपा प्रत्याशी ज्योति दीक्षित ने शहर के प्रमुख मंदिरों में भगवान के दर्शन कर जीत के लिए दुआ मांगी तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी श्रेहा खंडेलवाल भी वार्डों तथा निजी स्तर पर आयोजित किये गए कार्यक्रमों में शामिल होती रहीं। निर्दलीय प्रीति सूरी ने भी भगवान की अराधना में ज्यादा समय दिया।

### कमेंट और लाइक गिन कर खुश होते रहे समर्थक

मजेदार बात यह है कि इन अपीलों को कितने लोगों ने देखा इन पर क्या कमेंट आये तथा किसको कितने लाइव मिले इसे लेकर भी समर्थक अपने अपने दावे करते रहे। साधारण पोस्ट के अलावा लोगों ने फेसबुक पर पैसा देकर पोस्ट बूस्ट भी करवाए।

### सोशल मीडिया पर अपीलों की भरमार

इसके साथ सबसे ज्यादा प्रचार प्रसार कल सोशल मीडिया पर दिखाई दिया। सोशल मीडिया में व्हाट्सअप पर जमकर लोगों ने अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में दलीलें दीं। इसी तरह फेसबुक पर वीडियो अपील भी सभी महापौर प्रत्याशियों ने अपने अपने स्तर पर जारी कीं। भाजपा प्रत्याशी ने विकास तथा केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार होने से नगर निगम में विकास की संभावानाओं को पेश किया अपने दो बार के पार्षद कार्यकाल में जनसेवा की बात बताई तो वहीं कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशी ने शहर के कायाकल्प का भरोसा दिलाया।


आज मतदान के दौरान दोपहर बाद शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।


पति पत्नी ने एक साथ किया अपने मताधिकार का उपयोग।


पोलिंग बूथ पर मतदाताओं की पर्ची का मिलान करते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

### रात जागरण सुबह से बूथों पर दस्तक

वार्ड स्तर पर कार्यकर्ताओं का चुनाव को लेकर उत्साह चरम पर था। वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के कार्यालयों में रात भर चहल पहल दिखी तो वहीं पूरी रात जागरण के बाद सुबह 4 बजे से ही बूथ टेबिल लगाने मतदान केन्द्र से सौ मीटर की दूरी पर कुर्सी टेबिल लगाने में जद्दोजहद होती रही।

### इस बार कम प्रत्याशी हैं वार्डों में

खास बात यह है कि इस साल काफी कम प्रत्याशियों ने वार्डों में पार्षद बनने में रूचि दिखाई। अधिकांश वार्डों में तीन तो कुछ में तो सिर्फ दो ही प्रत्याशी मैदान में थे। कम प्रत्याशियों के कारण अधिकांश वार्डों में पार्षद प्रत्याशियों की ईव्हीएम छोटी दिखी साथ ही मतदान केन्द्रों के बाहर भी जो कभी कतारों में प्रत्याशियों के बूथ लगा करते थे वह भी इक्का दुक्का ही नजर आये।

### अब जुलाई तक चलता रहेगा दावों-कयासों का दौर

एक तरफ मतदान चल रहा था तो दूसरी तरफ दावों का दौर तथा अफवाहों का बजार भी गर्म दिखाई दिया। सोशल मीडिया पर लोगों ने अफवाहों पर खूब लुफ्त लिया। कहीं किसी को समर्थन की अफवाह मिली तो कोई किसी के लिए बैठने की बात करता रहा। दिन भर इन्हीं सब बातों के बीच अच्छी खबर यह थी कि कहीं से किसी बड़े टेंशन की खबर नहीं मिली हालांकि यह हालात दोपहर तक थे। शाम तक इसी तरह शांति पूर्वक मतदान गुजर जाए तो शासन प्रशासन राहत की सांस लेगा।

# शादी के दो माह बाद पत्नी की नृशंस हत्या

### ढीमरखेड़ा के मटभोना गांव में वारदात से सनसनी, आरोपी पति फरार

कटनी, यशभारत। ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम मटभोना में नवविवाहिता की पति द्वारा हत्या किए जाने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी है। हत्या पति के द्वारा ही करना बताया जा रहा है, जिसके बाद से वह फरार है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि मटभोना निवासी 21 वर्षीय पूनम यादव की रक्तरंजित लाश कमरे के अंदर मिली। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को देने के बाद जांच शुरू की गई। सूचना पर एसडीओपी मोनिका तिवारी, एफएसएल वैज्ञानिक डॉ.नीता सिंह, फिंगरप्रिंट अधिकारी मुकेश प्यासी, नायब तहसीलदार संदीप सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई की। मामले के संबंध में परिजनों ने बताया कि 11 मई को 28 वर्षीय झल्लू यादव का विवाह पड़ोसी जिला सतना के अमदरा थाना अंतर्गत ग्राम लेदरी निवासी 21 वर्षीय पूनम यादव के साथ हुआ था। झल्लू महाराष्ट्र नागपुर के पास वर्धा में केक बनाने के कारखाने फूड पीस कंपनी में कार्य करता था। घटना के बाद आरोपी झल्लू यादव फरार हैं, जिसकी तलाश पुलिस के द्वारा की जा रही है। महिला के गर्दन में नुकीले औजार से हमला किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरिया पान भेजते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आरोपी पति की तलाश जारी-थाना प्रभारी

ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि आरोपी पति झल्लू यादव के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। आरोपी पति के वर्धा भागने की संभावना अधिक है। इसलिए एक पुलिस टीम को महाराष्ट्र के वर्धा शहर भी भेजा जा रहा है।

### गैर किराया राजस्व योजना के तहत निजी कंपनी करेंगी प्रचार प्रसार

# कटनी के इलेक्ट्रिक इंजनों में विज्ञापन से रेलवे कमाएगा 10 लाख रूपए प्रतिवर्ष

कटनी, यशभारत। पश्चिम मध्य रेलवे नई अभिनव गैर किराया राजस्व विचार योजना (एनआईएनएफआरआईएस) के तहत इलेक्ट्रिक लोको शेड न्यू कटनी जंक्शन के इलेक्ट्रिक इंजनों में विज्ञापन के जरिए अपनी आय में वृद्धि करने जा रहा है। इंजनों पर विज्ञापन के अनुबंध से प्रति वर्ष 10 लाख रूपये रेलवे को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।



गौरतलब है कि वर्तमान में रेलवे गैर किराया राजस्व विचार योजना (एनआईएनएफआरआईएस) को कार्यान्वित करके गैर-किराया राजस्व (एनएफआर) के तहत स्टेशनों को अत्याधुनिक सुविधाओं को उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा रहा है। गैर किराया राजस्व के तहत जबलपुर मंडल के कमर्शियल टीम द्वारा किए गए प्रयासों के साथ पहली बार इलेक्ट्रिक लोको शेड न्यू कटनी जंक्शन में इंजनों पर विज्ञापन का अनुबंध प्रदान किया है। इस अनुबंध में 05 इलेक्ट्रिक इंजनों को विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए चुना गया है। इस विज्ञापन अनुंबध से रेलवे को प्रति लोकोमोटिव से 2 लाख रुपये दर से कुल 10 लाख रूपए प्रति वर्ष रेल राजस्व में वृद्धि होगी। यह अनुबंध प्रति लोकोमोटिव वार्षिक मूल्य के मामले में डिवीजन द्वारा दिया गया अब तक का सबसे अधिक कमाई वाला अनुबंध है। लोकोमोटिव विघुत इंजनों पर आरडीएसओ विनिर्देशित मानकों के अनुसार अत्याधुनिक पीयू (पॉलीयूरेथेन) पेंटिंग के माध्यम नवीनतम किया जाएगा। रेलवे आगे भी आधुनिक सुविधाओं को बढ़ाने के लिए गैर-किराया राजस्व के तहत नई अभिनव गैर किराया राजस्व विचार योजना (एनआईएनएफआरआईएस) नीति के तहत अन्य मंडलों में भी नयी-नयी योजनाओं को फलीभूत करने के लिए कृतसंकल्पित है।

### इलेक्ट्रिक लोको शेड न्यू कटनी जंक्शन के इंजनों पर लगेंगे विज्ञापन


**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 5 शो ता. 07 से
दोपहर 12.30,3,5.30,8 एवं रात्रि 10.15 बजे से




थोर (Love & Thunder) (हिन्दी में)

कलाकार- क्रिस हेमवर्थ, क्रिस्चियन बेल, रसेल क्रो, जेमी एलेक्जेंडर आदि।

नोट-12.30,3,5.30 2D एवं 8,10.15 वाले शो 3D हैं

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 4 शो ता. 08 से
दोपहर 1,4,7 एवं रात्रि 9.30 बजे से




खुदा हाफिज-2

कलाकार- विद्युत जामवाल, शिवालिका ओबेराय, शीबा चड्डा, राजेश तेलंग आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**नीरज सिनेप्लेक्स में**




ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 3 शो ता. 08 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से

खुदा हाफिज-2

कलाकार- विद्युत जामवाल, शिवालिका ओबेराय, शीबा चड्डा, राजेश तेलंग आदि।

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

**अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें**
www.yashbharat.com

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 4 शो ता. 15 से
दोपहर 1,4,7 एवं रात्रि 9.30 बजे से




शाबाश मिथु

कलाकार- तापसी पन्नू, मुमताज सरकार, विजयराज, ब्रजेंद्र काला आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# बरही में नगर सरकार चुनने उत्साह के बीच मतदान

## 1 बजे तक 60 फीसदी मतदाताओं ने दिखाई जागरूकता, केंद्रों में इस बार नहीं दिखी कतार, धीरे-धीरे चलता रहा मतदान का सिलसिला






**कटनी/बरही, यशभारत।** बरही नगर की सरकार बनाने के लिए पूरे उत्साह के साथ मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महोत्सव में मतदानरूपी आहुति देने मतदान केंद्र पहुंचे। सुबह 9 बजे तक 20 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए वोटिंग किया। इस बार मतदान केंद्रों में बहुत कम कतार देखने को मिली। 9 बजे के बाद एक-एक कर मतदाता पहुंचे रहे थे, जिससे मतदान केंद्रों में सन्नाटे जैसी स्थिति थी, तो वहीं मतदान केंद्रों के बाहर उम्मीदवारों द्वारा बनाए गए स्टाल में उनके समर्थकों की भीड़ जरूर देखी गई।

### 15 वार्डों के 17 बूथ में मतदान

बरही नगर परिषद के 15 वार्डों में चुनाव लड़ रहे 75 उम्मीदवारों की वोटिंग व्यवस्था प्रशासन द्वारा 17 मतदान केंद्रों में की गई है, जहां वोटिंग का सिलसिला धीरे-धीरे चलता रहा।

### 11 बजे तक कहीं 50 तो कहीं 55 फीसदी वोटिंग

बरही नगर के मतदान केंद्रों में भले ही कही भी कतार देखने नहीं मिली, लेकिन वोटिंग पड़ने का प्रतिशत संतोषजनक रहा। सुबह 11 बजे तक कही 50 तो कही 55 फीसदी मतदान का आंकड़ा पहुंच चुका था और मतदाताओं का एक-एक कर आने का सिलसिला जारी रहा।

### पुलिस-प्रशासनिक अमला रहा मुस्तैद

शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासनिक अमला पूरी तरह से मुस्तैद। पूरे मतदान के दौरान मतदाताओं में जहां उत्साह देखा गया तो वही चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों में बेचैनी देखी गई।

### खामोश मतदाताओं ने किसका किया राज्याभिषेक

इस बार के चुनाव में मतदाताओं में पूरे समय खामोशी देखी गई। हर प्रत्याशी को वह उम्मीद देता रहाए लेकिन वोट किस नंबर में पड़ा यह कोई भाँप नही पाया।

### छिन्दया में क्या हुआ, पूछते रहे लोग

बरही के वार्ड क्रमांक 14 छिन्दया टोला में क्या हुआ, कौन जीतेगा, यह सवाल हर कोई करता रहा। वजह यहां से पूर्व नपा अध्यक्ष व भाजपा के जिला महामंत्री सतीश तिवारी भाजपा के उम्मीदवार है। यही स्थिति वार्ड 8 व 10 की भी थी। वार्ड 8 में विधायक प्रतिनिधि पीयूष अग्रवाल बीजेपी के प्रत्याशी की किस्मत दांव में लगी है, तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी प्रभाकर तिवारी अपनी पूरी ऊर्जा लगाए हुए थे। इसी तरह वार्ड 10 में 3 बार के पार्षद उत्तम शर्मा भाजपा के उम्मीदवार है। इन्हीं 3 वार्डों से इस बार नगर का अध्यक्ष भी तय होना है।

### कल्याणी ने आत्मीयता से कराया मतदान

मतदान के दौरान वार्ड 1 की तस्वीर उत्साह से लबरेज दिखी। भाजपा प्रत्याशी कल्याणी दुबे ने अपने प्रतिद्वंदी प्रज्ञा अजय वर्मा की मां को देखते ही उन्हें सहारा देने आत्मीयता का परिचय देते हुए पहुंच गई, इतना ही नहीं सहारा देकर उन्होंने ने मतदान भी करवाया।

# रेलवे ने घोषित की अंबिकापुर-दिल्ली ट्रेन की समयसारणी

## कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलेगी साप्ताहिक सुपरफास्ट नई ट्रेन

**कटनी, यशभारत।** अंबिकापुर से दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन के बीच कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलने वाली नई ट्रेन की समय सारणी रेलवे के द्वारा घोषित कर दी गई है। यह ट्रेन सप्ताह में एक-एक दिन अप व डाऊन दिशा में अंबिकापुर से हजरत निजामुद्दीन के बीच कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलेगी। इस नई सप्ताहिक ट्रेन का शुभारंज कल 14 जुलाई गुरूवार को अंबिकापुर स्टेशन से हरिझंडी दिखाकर किया जाएगा। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 04043 अंबिकापुर-हजरत निजामुद्दीन साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रत्यके गुरूवार को व गाड़ी संख्या 04044 हजरत निजामुद्दीन-अंबिकापुर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रत्यके मंगलवार को चलेगी। बताया जाता है कि अंबिकापुर से दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन के लिए पहली बार ट्रेन कल 14 जुलाई गुरूवार को सुबह 9:30 बजे छूटेगी और 15 जुलाई की शाम 4:35 बजे दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी। इसके बाद अगले सप्ताह से रेग्यूलर हर गुरुवार को अंबिकापुर स्टेशन से सुबह 7:15 बजे ट्रेन छूटेगी और उसके अगले दिन सुबह 4:35 बजे हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी। वहीं प्रत्येक मंगलवार को हजरत निजामुद्दीन से हजरत निजामुद्दीन-अंबिकापुर ट्रेन रात 11 बजे चलेगी और बुधवार की शाम 7:30 बजे अंबिकापुर स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन में वातानूकुलित, शयनयान व सामान्य श्रेणी सहित कुल 19 कोच होंगे।



### अंबिकापुर से दिल्ली के लिए टाइमिंग

गाड़ी संख्या 04043 अंबिकापुर-हजरत निजामुद्दीन साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रत्येक गुरूवार को प्रातः 7 बजकर 15 मिनट पर अंबिकापुर से रवाना होगी और रास्ते में सूरजपुर रोड 7:49 बजे, बैंकुठपुर रोड 8:22 बजे, बिजुरी 9:30 बजे, अनूपपुर जंक्शन 10:30 बजे, शहडोल 11:15 बजे, उमरिया 12:25 बजे, कटनी मुड़वारा 3:40 बजे, दमोह 5:10 बजे, सागर शाम 6:15 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन रात 9:55 बजे, ग्वालियर जंक्शन रात 11:12 बजे के बाद दूसरे दिन शुक्रवार की रात 1:20 बजे आगरा कैंट स्टेशन पहुंचेगी। फिर मथुरा जंक्शन रात 2:15 बजे के बाद सुबह 4:35 बजे हजरत निमामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी।

### दिल्ली से अंबिकापुर के लिए टाइमिंग

गाड़ी संख्या 04044 हजरत निजामुद्दीन साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार को रात 11 बजे हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से रवाना होगी और अगले की दिन बुधवार की रात 1 बजे मथुरा जंक्शन, 1:55 बजे आगरा कैंट, 3:37 बजे ग्वालियर जंक्शन, सुबह 5:25 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन, सुबह 8:30 बजे सागर, 9:35 बजे दमोह, 11:10 बजे कटनी मुड़वारा, 12:44 बजे उमरिया, 2 बजे शहडोल, 2:45 अनूपपुर जंक्शन, 3:45 बजे बिजुरी, 4:41 बजे बैकुंठपुर रोड, 5:12 बजे सूरजपुर रोड व शाम 7:30 बजे अंबिकापुर स्टेशन पहुंचेगी।

# महानदी के संगम घाट पर उतराता मिला वृद्ध का शव

### नदी पार करते समय डूब गया था दस्सू

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम परसेल में रविवार की शाम एक वृद्ध नदी पार करते समय तेज बहाव में बह गया था, जिसकी डूबने से मौत हो गई है। वृद्ध का तीसरे दिन महानदी के संगमघाट में उतराता हुआ मिला है। बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि वृद्ध का शव उतारते हुए मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि ग्राम परसेल निवासी 65 वर्षीय दस्सू कोल रविवार की शाम लड़के के ससुराल ग्राम बासा निमंत्रण में जा रहा था। बीच रास्ते में नदी को पार करते समय तेज बहाव में बह गया और पानी में डूबने से मौत हो गई। सोमवार को दिनभर पुलिस, एसडीआरएफ गोताखोरों की टीम लगी रही लेकिन देरशाम तक वृद्ध का पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह वृद्ध का शव संगम घाट में उतराता हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# उमरियापान के मुकेश असाटी का इलाज के दौरान निधन

**उमरियापान, (यशभारत)।** नगर के प्रतिष्ठित किराना व्यवसायी मुकेश पिता स्वण् लक्ष्मी प्रसाद असाटी 48 वर्षीय का जबलपुर में इलाज के दौरान सोमवार की शाम 4 बजे दुःखद निधन हो गया। जानकारी के अनुसार उमरियापान के मुख्य मार्केट झंडा चौक में किराना दुकान का व्यवसाय करने वाले मुकेश असाटी ने 25 जून को पंचायत चुनाव में मतदान किया और रात तक दोस्त भाइयों से परिणामों की जानकारी लेता रहा। 26 जून की सुबह पूरी तरह से स्वस्थ्य रहकर दुकान खोलने पहुंचा। दोपहर 1 बजे के करीब दुकान में बैठे बैठे अजीब सी हरकत किया और अचेत होकर गिरता उससे पहले पड़ोसी रज्जू चौधरी ने दौड़कर संभाला और पान दुकान वाले संजू चौरसिया को आवाज लगाई। दोस्त भाई तत्काल गाड़ी से उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से डॉक्टरों ने तत्काल जबलपुर ले जाने की सलाह दी। परिजन जबलपुर की केयर हॉस्पितिल लेकर पहुंचे जहां एक दिन इलाज चलने के बाद दूसरे दिन मुकेश असाटी को मेडिकल कॉलेज के पास अपेक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जांच रिपोर्टे आने के बाद पता चला की एक अंग में लकवा लग गया है और ब्रेन हैमरेज भी हो गया है।



### परिजनों का आरोप : ऑपरेशन फेल होने से हुई मौत

अपेक्स हॉस्पिटल में निरंतर इलाज चलने के दौरान डॉक्टरों ने ब्रेन का ऑपरेशन किया। परिजनों का आरोप है की ऑपरेशन फेल होने के कारण मरीज की 11 जुलाई की शाम 4 बजे मौत हो गई। डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित करते ही उपस्थित परिजन शोक में डूब गए। वहीं मुकेश की मौत की खबर जैसे ही उमरियापान पहुंची नगर सहित पूरा क्षेत्र स्तब्ध रह गया। कल मंगलवार को सुबह 10 बजे नगर के अंधेलीबाग तिराहा के निजी निवास से अंतिम यात्रा निकली और टोला रोड़ के क्यूलि तालाब मुक्तिधाम में बड़े गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में नात रिश्तेदारों सहित अन्य समाज के लोग भी शामिल रहे।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक,
कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

# बड़वारा में घंटों अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों में आक्रोश

## ग्रामीणों ने विद्युत अभियंता को सौंपा ज्ञापन, 2 दिन के भीतर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

**कटनी, यशभारत।** पूरे बड़वारा क्षेत्र में इन दिनों बिजली की व्यवस्था चौपट हो गई है। क्षेत्र के कई ग्रामों में ग्रामीण विद्युत के लिए तरस रहे हैं, वहीं मंगलवार को बड़वारा तहसील क्षेत्र के विलायतखुर्द ग्राम में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर खराब पड़े हुए हैं, जिसे लेकर ग्रामीणों ने विद्युत अभियंता दिलदार डाबर को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द विद्युत समस्या दुरुस्त कराने की मांग की है, वहीं इस पूरे मामले पर बड़वारा एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल ने बताया कि पूर्व में गेहूं की फसल के दौरान विद्युत विभाग की लापरवाही करने में कोई भी कसर नहीं छोड़ी थी। नतीजन कई किसानों की फसल सूखकर बर्बाद हो गई। एक बार फिर वहीं गलतियां विद्युत विभाग द्वारा दोहराई जा रही है। मौजूदा हालात इस तरह है कि बड़वारा मुख्यालय में ही 6-6 घंटों तक विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाती है, जिसके चलते सरकारी कामकाज प्रभावित होते रहते है, इसके अलावा भजिया, भुड़सा सोनारी, भनपुरा, झरेला, विलायतखुर्द ग्राम में भी विद्युत की समस्या चरम पर है। विलायतखुर्द ग्राम के नंदीग्राम मोहल्ले में 2 माह से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई है, जिससे तकरीबन 500 वाशिंदे विद्युत की समस्या से जूझ रहे हैं। किसानों को भी फसल की तैयारियों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। महिला ग्रामीण मुन्नीबाई ने बताया कि विद्युत ट्रांसफार्मर बदलने के लिए कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग की गई, लेकिन आज तक सुधार नहीं किया गया है, जिसका नतीजा ग्रामीणों को जहरीले जीव जंतुओं का सामना करना पड़ता है, साथ ही धान की बुवाई में हम सभी पीछे होते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर 2 दिन के भीतर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त नहीं कराई गई तो सैकड़ों किसान एवं ग्रामीण मिलकर धरना एवं विरोध प्रदर्शन बड़वारा विद्युत कार्यालय में किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ नेता एन डी तिवारी, जीतू गुप्ता, डब्ल्यू शर्मा, राहुल कुमार, मुन्नी बाई, बिरस्ती चौधरी, रेखा रैदाश, अरुण पाल, अनुज पाल, तन्नू चौधरी आदि की उपस्थिति रही।



From 07th July 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Tuesday Offer
@99/-
Available On All Seats Except Recliners
Paytm
book my show




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# मतदान केन्द्रों में चला विशेष सफाई अभियान

## नगर के सभी वार्डों में रोजाना की तरह सफाई कार्य में जुटे रहे स्वच्छता दूत



**कटनी, यशभारत।** नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था ओर नगरीय निकाय निर्वाचन को रखते हुए निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर के मुख्य मार्गो सहित अन्य मार्गो, नाले - नालियों, डिवाइडर, डस्टबिन सहित मतदान केन्द्रों की सफाई का कार्य किया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में दो पालियों में रोजाना की जा रही सफाई व्यवस्था के तहत कुठला, कृषि उपज मंडी परिसर, राममनोहर लोहिया वार्ड मेन रोड, बस स्टैंड, मिशन चौक, स्टेशन रोड, झण्डा बाजार, बताशा गली, गणेश चौक, शिवाजी वार्ड, जालपा देवी वार्ड केशव के घर के सामने एवं शंकर के मकान के पीछे, महात्मा गांधी वार्ड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, विवेकानंद वार्ड मेन रोड की सफाई कराया जाकर कचरे का उठाव का कार्य किया गया। नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो, पन्ना मोड से कृषि उपज मंडी तक डिवाइडर की सफई , नदी पार मुख्य मार्ग, बरगवां मुख्य मार्ग के डिवाइडर सहित अन्य मुख्य मार्गो के कचरे के प्वाइंटों की सफाई का कार्य कराया गया। सुगम पानी की निकासी हेतु नगर के विभिन्न स्थलों के नाले नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत जयप्रकाश वार्ड नई बस्ती स्थित सिंधी स्कूल के पास की नालियों की सफाई,भीमराव चौक स्थित मतदान केन्द्र के सामने नाले व नगर के अन्य स्थलों के नाले- नालियों के अपशिष्ट की सफाई का कार्य कराया गया।







नगर सहित मतदान केंद्रों की सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना दो पालियों में सफाई का कार्य कराया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर के मुख्य मार्गो सहित अन्य मार्गो, डिवाइडर, नाले - नालियों, डस्टबिन सहित मतदान केन्द्रों की सफाई का कार्य रोजाना कराया जा रहा है। जिसके तहत कुठला ,पहरूआ, बस स्टैंड, ऑडिटोरियम ,चांडक चौक ,आजाद चौक, मिशन चौक ,शिवाजी वार्ड, गोल बजार, झण्डा बाजार ,जालपा देवी वार्ड पार्षद गली ,नैन्सी स्कूल, महात्मा गांधी वार्ड, अंबेडकर वार्ड,पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड ,राम-जानकी हनुमान वार्ड बरगवां कटाई घाट मोड सहित शेर चौक ,लक्ष्मीनारायण मंदिर ,सुखन चौक सफई एवं चूने लाईनिंग अन्य गलियों, की सफई का कार्य कराया गया। इस दौरान कटनी नदी पुल के उपर से राधिका होटल तक कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो कुठला, बस स्टैंड कटनी नदी पुल से सूर्या होटल तक, बरगवां ओवर ब्रिज के नीचे से माधव नगर गेट से द्वारिका सिटी गेट के पास के डिवाइडर सहित मुख्य मार्गो के कचरे के प्वाइंटों की सफाई का कार्य कराया गया। नगर के विभिन्न स्थलों के नाले नालियों की सफाई व्यवस्था एवं सुगम पानी की निकासी की सुविधा को दृष्गित रखते कावस जी वार्ड ,विवेकानंद चौक पीछे लल्लू भाईजान के सामने वाली गली ,अज्जू पटेल के सामने वाली गली ,सरस्वती स्कूल गली के सामने स्थित नाले व नगर के अन्य नाले -नालियों के अपशिष्ट की सफाई का कार्य कराया गया। आगामी नगरीय निकाय आम निर्वाचन हेतु नगर के चिन्हित मतदान केन्द्रों की समुचित सफाई व्यवस्था के अन्तगर्त शासकीय माध्यमिक शाला पहरूआ, शासकीय हाई स्कूल कुठला, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री स्कूल ,स्वर्णकार स्कूल ,बाबू जगजीवन राम वार्ड,जगमोहन दास स्कूल,वेंकट वार्ड निषाद स्कूल,मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित स्कूल सहित अन्य मतदान केंद्रों की साफ- सफाई का कार्य कराया गया।

# सुगम यातायात के लिए रेलवे की सुरक्षा के प्रति किया जागरूक





**कटनी, यशभारत।** आजादी के 75 में वर्षगांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को मुख्य रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में आरपीएफ, जीआरपी व रेलवे के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रेलवे में सुगम, यातायात सुरक्षा व राष्ट्रभक्ति को लेकर लोगों को जागरुक किया गया। कार्यक्रम सर्कुलेटिंग एरिया कटनी सहित, कटनी साउथ, माधवनगर गेट, कटनी-मुड़वारा में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आरपीएफ पोस्ट प्रभारी अनिल कुमार दीक्षित, संजय सिंह, डब्ल्यूसीआरएमएस से एसएन शुक्ला, केसी रजक, संजय चौधरी, परशुराम यादव, प्रशांत यादव आदि मौजूद रहे। इस दौरान जबलपुर से जागरुकता संबंधी बाइक रैली पहुंची। आरपीएफ के जवान श्रीराम यादव, आशीष यादव, पांडेय प्रेम, अजान सिंह, गजराज सिंह, राजेंद्र कुमार, भवानी सिंह, अजय कुशवाहा, मनोज कुर्मी, केदार रमन पहुंचे हैं। यात्रा जबलपुर श्रीधाम से नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, सागर, दमोह, कटनी पहुंची। यहां से मैहर, सतना, रीवा, सिहोरा, जबलपुर, सागर, साबरमति होते हुए दिल्ली जाएगी। 15 अगस्त को रैली का समापन होगा। इस दौरान रैली में लोगों को जागरुक किया जा रहा है कि रेलपांत पर पत्थर न रखें, अनावश्यक रूप से चैन पुलिंग न करें, रेलपांत पार न करने आदि के लिए जागरुक किया गया। किसी भी घटना पर तत्काल कंट्रोल को सूचना देने कहा गया।

## मतगणना में मोबाइल के उपयोग पर प्रतिबंध

कटनी, यशभारत। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन की मतगणना के दौरान मोबाइल के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। आयोग का मानना है कि नगरीय निकायों के आम निर्वाचनों की मतगणना के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग मतगणना कार्य में बाधक होता है तथा मतगणना कार्य की गोपनीयता भंग होने की संभावना बनी रहती है। आयोग द्वारा मतगणना भवन परिसर में मोबाइल फोन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है, निर्वाचन पर्यवेक्षण हेतु आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक उक्त प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे ताकि वे आयोग से सतत संपर्क में बने रहें। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश सिंह के द्वारा जारी पत्र में उल्लेख है कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी तथा उसके निर्वाचन अभिकर्ता के मतगणना स्थल पर प्रवेश के दौरान जांच की जाए यदि कोई अभ्यर्थी या उसका निर्वाचन अभिकर्ता या गणन अभिकर्ता मतगणना स्थल पर मोबाइल लाता है तो उसे प्रवेश न दिया जाए।

# मतदाताओं को जागरूक करने विद्यार्थियों ने निकाली रैली




**कटनी, यशभारत।** कटनी आट्र्स एण्ड कॉमर्स कॉलेज चड्डा कॉलेज द्वारा म.प्र. शासन उच्च षिक्षा विभाग के निर्देषानुसार कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से छात्रध्छात्राओं ने मतदाताओं को समझाया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मताधिकार का प्रयोग करना सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है। मतदाता ही अच्छे जनप्रतिनिधियों को चुनकर समाज को सुरक्षित एवं विकास के मार्ग पर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अतः हम सभी का यह परम कर्तव्य है कि वर्तमान में होने वाले नगर-निगम चुनाव में बढ़.चढ़कर मतदान में भाग लेना। मतदान के दिन सबसे पहले मतदान उसके बाद अन्य सभी काम की धारणा को अपनाना है। मतदाता रैली को कॉलेज प्राचार्य डॉ. जय चड्ढा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मतदाता रैली में राष्ट्रीय सेवा इकाई के प्रभारी एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आर.आर.एस. परिहारए कला विभाग के प्राध्यापक डॉ. शैलेन्द्र वर्मा, पवन केवट, मनोज मिश्रा एवं बड़ी संख्या में छात्रध्छात्राओं ने हिस्सा लिया।



## मतदाता एवं अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु चुनाव मोबाइल एप

**कटनी, यशभारत।** नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतो के आम निर्वाचन वर्ष- 2022 हेतु मतदाता एवं अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु चुनाव मोबाइल एप ( एंड्राइड आधारित ) को अद्यतन किया गया है। इस एप के माध्यम से मतदाता एवं अभ्यर्थी, मतदाता की जानकारी ( मतदाता सूची मे नाम सर्च करना), अभ्यर्थी की जानकारी मय शपथ पत्र के सार पत्र अनुसार (महापौर/पार्षद एवं जिला पंचा.सदस्य/ जनपद पंचा. सदस्य) निर्वाचन परिणाम (महापौर/पार्षद एवं जिला पंचा.सदस्य/ जनपद पंचा. सदस्य) प्राप्त कर सकते है।

न्यूनतम मूल्य में पाएं
अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ, भव्यता से मना महोत्सव



**कटनी, यशभारत।** अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल महासभा के अंतर्गत श्री पुरवार मंडल कटनी मध्यप्रदेश ने दिनांक 08 जुलाई 2022 को दिन शुक्रवार शाम 7:00 से रात्रि 11 बजे के मध्य श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव की शोभा यात्रा का स्वागत, आरती एवं प्रसाद वितरण कटनी के समस्त पुरवार परिवारों, सामाजिक बन्धुओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास पूर्वक किया गया। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव की भव्यता बढ़ाई। सभी पुरवार परिवारों एवं सामाजिक बन्धुओं का श्री पुरवार मंडल कटनी मध्यप्रदेश आभार प्रकट करता है जिसमें अध्यक्ष प्रेमकुमार स्व. श्री बाला प्रसाद पुरवार कटनी, पुरवार अध्यक्ष (मध्यप्रदेश) गोपालदास (एडवोकेट) स्व.श्री श्यामसुंदर पुरवार कटनी, सचिव अभिषेक पुरवार, कोषाध्यक्ष किशोर पुरवार, श्रीमती आशा प्रदीप संदीप सुधीर पुरवार कटनी, विशेष सहयोग कृष्णकांत पुरवार, आलोक पुरवार, मयंक संजय पुरवार, नितिन, कृष्ण कुमार, अंकित पुरवार जी का विशेष सहयोग रहा। श्रीमती रेखा पुरवार, रजत, मुक्ता-श्रुति-आनन्द, शशि-हर्षिता आदर्श, किरन-आकाश, आदर्श, कोमल-मनीषा, ज्योति अशोक-प्रियंका, अलका-किशोर, ओमप्रकाश, स्वप्निल, ऋषिराज-वैभव, सीताराम, अशोक, सुनील जग्गी, ज्योति, मनोज, प्रभांशु पुरवार आदि कटनी एवं सभी पुरवार परिवारों के सदस्यों पुरवार बन्धुओं ने भगवान श्री जगन्नाथजी के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं पुण्य लाभ एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री पुरवार मंडल कटनी मध्यप्रदेश सभी का आभार प्रकट करता है।

# लोकतंत्र के महायज्ञ में वोटों की उत्साहजनक आहूति

## महापौर के 12 एवं पार्षद के 186 उम्मीदवरों का भाग्य ईव्हीएम में, किसके सिर सजेगा ताज, 20 जुलाई को होगा फैसला

कटनी, यशभारत। नगर सरकार चुनने आज शहर में उत्साह के बीच मतदान हुआ। मतदाताओं ने वार्डों में पार्षद और मेयर के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए उम्मीदवारों का भाग्य ईव्हीएम में कैद किया। नगरीय निकाय के दूसरे चरण के लिए आज नगर निगम कटनी और नगर परिषद बरही में मतदान कराया गया। सुबह 6 से 7 बजे के बीच मॉक पोल किया गया, इसके बाद सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। सुबह 9 बजे कटनी में सुबह 9 बजे तक 12 प्रतिशत एवं 11 बजे तक 28 प्रतिशत मतदान हो चुका था। मतदान पर गर्मी का असर साफ देखा गया। हालांकि दोपहर बाद मतदान के प्रतिशत में तेजी देखी गई। बरही में दोपहर 1 बजे तक लगभग 60 प्रतिशत मतदान हो चुका था। शहर के कुछेक मतदान केन्द्रों में सुबह इक्का-दुक्का मतदाता पहुंच रहे थे, तो वहीं आसपास के केन्द्रों में कतारें भी नजर आईं। इस दौरान सबसे ज्यादा उत्साह युवाओं में देखा गया, जिन्होंने पहली बार लोकतंत्र के इस महायज्ञ में अपने वोट की आहूति दी। बुजुर्ग मतदाताओं ने भी उत्साहजनक भागीदारी दिखाते हुए अपने मताधिकार का उपयोग किया। कटनी नगर निगम के 218 और बरही के 17 केन्द्रों में कड़े सुरक्षा प्रबंधों और गहमागहमी के बीच मतदान कराया गया। दोनों ही निकायों में अनुमान लगाया जा रहा था कि शाम 5 बजे तक करीब 60-65 प्रतिशत तक मतदान हो जाएगा। मतदाताओं ने आज लोकतंत्र के इस महायज्ञ में नगर सरकार चुनने मतदान की आहूति देकर प्रत्याशियों का भाग्य इलेक्टानिक वोटिंग मशीन में बंद कर दिया। आगामी 20 जुलाई को होने वाली मतगणना के बाद ही पता चलेगा कि मतदाताओं ने किस पर अपना विश्वास व्यक्त किया है।





दोनों नगरीय निकायों कटनी और बरही में 60 से 65 फीसदी मतदान

### कलेक्टर ने झिंझरी में किया मतदान



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने प्राथमिक शाला झिंझरी स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 171 में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने इस दौरान नगर के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि हर नागरिक का दायित्व है कि वे अन्य जिम्मेदारियों के साथ जागरूक मतदाता होने का भी परिचय दे और केन्द्रों में पहुंचकर मतदान करे।

### पूर्व महापौर निर्मला पाठक एवं यश पाठक ने किया मतदान



नगर निगम कटनी की पूर्व महापौर श्रीमती निर्मला पाठक एवं युवा नेता यश पाठक ने सीएलपी वार्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में बनाए गए मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया।

### महापौर पद के लिए एक दर्जन उम्मीदवार

नगर निगम महापौर पद के लिए एक दर्जन उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जिसमे भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती ज्योति दीक्षित, कांग्रेस से श्रीमती श्रेहा खंडेलवाल, बहुजन समाज पार्टी अंजली चौधरी, समाजवादी पार्टी से डॉ. अनीता रंजन, आम आदमी पार्टी से शशी प्रभा तिवारी के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार अंकिता, श्रीमती मंजूषा गौतम, नसीम खान, निधि पुरोहित, श्रीमती प्रीति सूरी, साजदा बी एवं सूफिया खान शामिल है। इसी तरह नगर निगम के 45 वार्डों में पार्षद पद के लिए कुल 186 उम्मीदवार चुनावी समर में है। नगर परिषद बरही में पार्षद के 15 पदों के लिए 75 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### ज्योति ने अंबेडकर वार्ड एवं श्रेहा ने ईश्वरीपुरा वार्ड में किया मतदान





भाजपा प्रत्याशी ज्योति दीक्षित ने आज अंबेडकर वार्ड के मतदान केन्द्र में सुबह मतदान किया। इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशी श्रेहा खंडेलवाल ने ईश्वरीपुरा वार्ड के मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लेते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। दोनों ही उम्मीदवारों ने मतदाताओं से कहा कि अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन अवश्य करें, वोट डालने जरूर जाएं।

### सायरन बजाते घूमती रहीं गाड़ियां

नगर निगम चुनाव के लिए हो रहे मतदान के बीच शहर में पूरे समय सायरन बजाते सरकारी गाड़ियां घूमती रहीं। इन गाड़ियों में चुनाव प्रेक्षक, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी पूरे समय शहर के संवेदनशील मतदान केन्द्रों में पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का जायजा लेते रहे। कई मतदान केन्द्रों में वोट डालने के बाद भी वोटर मतदान केन्द्रों के बाहर खड़े रहे, जिन्हें पुलिस कर्मचारियों के द्वारा हटाया गया।


**किराए से देना है**

20 बाई 50 फिट का सर्वसुविधायुक्त, सभी शासकीय विभागों से अनुमति प्राप्त हॉल बैंक, फाइनेंस, इश्योरेंस कंपनी, शॉपिंग मार्केट के लिए किराए से देना है।

स्थान : दुर्गा चौक, तिलक कॉलेज मोड़, मंगलम मेनर गार्डन के सामने, कटनी

सम्पर्क : सत्यम सैनी

मो. 7748902288, 6264267212


### युवाओं ने बड़ी संख्या में पहली बार किया मताधिकार का प्रयोग





शहर में करीब 30 हजार से ज्यादा मतदाता ऐसे थे, जो पहली बार मतदान का प्रयोग कर रहे थे। ऐसे मतदाताओं ने बेहद उत्सुकता के साथ पहली बार मतदान किया। शहर और उपनगरीय क्षेत्र में यह नजारा दिन भर आम था, जब पहली बार मतदान करने नव मतदाता पहुंच रहे थे। खास बात यह थी कि पहली बार मतदान करने पहुंच रहे इन नव मतदाताओं में लड़कों की अपेक्षा लड़कियों की संख्या अधिक थी। विदित हो कि कटनी में नगरीय निकाय चुनाव करीब सात साल बाद हो रहे हैं। पिछले सात सालों में कटनी नगर निगम में करीब 34 हजार नए मतदाता जुड़े हैं, जिसमे ज्यादातर युवा शामिल हैं। आज 13 जुलाई को हो रहे मतदान में युवाओं ने भी अपनी जिम्मेदारी का परिचय देते हुए बड़ी संख्या में मतदान किया। आज मतदान के दौरान युवा मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। शहर के अधिकांश मतदान केन्द्रों पर युवा मतदाताओं ने पहली बार मतदान करते हुए नगर सरकार के चुनाव में अपनी भागीदारी निभाई।


**TIMES ACADEMY**



दसवीं बारहवीं के ओपन स्कूल से फार्म भरें

आर्टस/कामर्स/मैथ्स/बायो

B.sc. मैथ्स/बायो

रेग्यूलर/प्राइवेट करें

पता- डॉ. हरचंदानी के सामने शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी

मो. 9200173627


### 100 मीटर की दूरी पर रहे प्रत्याशियों के बूथ

राज्य निर्वाचन आयोग ने पिछली बार की तरह इस बार भी चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के बूथ मतदान केन्द्रों से 100 मीटर की दूरी पर बनाने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों का स्थानीय स्तर पर सख्ती से पालन कराया गया। शहर के मतदान केन्द्रों में अधिकांश स्थानों पर प्रत्याशियों के बूथ मतदान केन्द्रों से 100 मीटर की दूरी पर बने नजर आए। इनमे कांग्रेस, भाजपा सहित निर्दलीय प्रत्याशियों के बूथ शामिल रहे। इन बूथों पर मतदाता पहुंचकर मतदाता सूची पर अपने नाम खोजते रहे।

## बुजुर्गों ने भी दिखाया दम, नगर सरकार चुनने निभाई भागीदारी







आज मतदान को लेकर मतदाताओं के उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि युवाओं के साथ ही बुजुर्ग मतदाताओं ने भी नगर सरकार के चुनाव के लिए हो रहे इस महायज्ञ में अपने वोट की आहूति दी। शहर हो या आसपास के मतदान केन्द्र, बुजुर्गों ने न केवल अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया, बल्कि अन्य मतदाताओं को भी संदेश दिया कि सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। इसी क्रम में गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड क्रमांक 7 में स्थित शासकीय स्वर्णकार कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के मतदान केंद्र क्रमांक 25 में 87 वर्षीय बुजुर्ग चमेली बाई सोनी ने अपने नाती राजू सोनी के साथ लोकतंत्र के इस महायज्ञ में अपने वोट की आहूति देकर जागरूकता का परिचय दिया। इसी तरह नई बस्ती निवासी 80 वर्षीय श्रीमती जसोता देवी खूबचंदानी ने जगमोहन दास वार्ड स्थित सरस्वती स्कूल में मतदान किया। इसी तरह शासकीय प्राथमिक शाला झिंझरी के मतदान केंद्र क्रमांक 171 में 78 वर्षीय मतदाता मुन्नीबाई ने अपने 60 वर्षीय पुत्र सरमन के साथ पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान यहां मौजूद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने मुन्नी बाई से चर्चा कर मतदान के प्रति जागरूकता की सराहना की।

### सुबह 7 बजे शुरू हुआ मतदान

नगर निगम महापौर और 45 वार्डों में पार्षद पद के लिए आज सुबह ठीक 7 बजे मतदान शुरू कराया गया। इसके पहले बूथ एजेंटों की उपस्थिति में मॉक पोल कराया गया। मॉक पोल की रिपोर्ट मिलने के बाद निर्धारित समय पर मतदान शुरू हुआ। सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच गर्मी मतदान की रफ्तार कुछ धीमी रही, 9 बजे के बाद मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि होती गई। वेंकट वार्ड, राजीव गांधी वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड, आचार्य विनोवा भावे, गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड, जगमोहन दास वार्ड, आजाद वार्ड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में सुबह से ही मतदान में तेजी देखी गई, जबकि आसपास के क्षेत्रों में स्थित मतदान केन्द्रों में इक्का-दुक्का ही मतदाता मतदान करने पहुंच रहे थे।


**पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें**

**Pulmonologist**

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009


### कहीं दिखी कतारें, तो कहीं इक्का-दुक्का दिखे मतदाता

नगर निगम महापौर और 45 वार्डों में पार्षद पद के प्रत्याशियों के चुनाव के लिए आज हुए मतदान को लेकर सुबह से ही मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। खासकर युवा वर्ग के मतदाताओं ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वोट डालने में महिलाएं और बुजुर्ग मतदाता भी पीछे नहीं रहे। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शहर के कुछेक मतदान केन्द्रों में सुबह से ही मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखी गई। शहर के ईश्वरीपुरा वार्ड, जालपा वार्ड, आजाद वार्ड, मसुरहा वार्ड, वेंकट वार्ड, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, रघुनाथगंज वार्ड सहित उपनगरीय क्षेत्रों छपरवाह, झिंझरी, माधवनगर, कुठला, एनकेजे सहित भट्ठा मोहल्ला के अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केन्द्रों में भी मतदान को लेकर गजब का उत्साह देखा गया। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पूरे समय मुस्तैद रहे। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन पूरे समय चुनावी गतिविधि की जानकारी लेते रहे। इसके अलावा आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक व पुलिस अधिकारी शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में पहुंचकर मतदान का जायजा लेते रहे।


**PRE. REGISTRATION साईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318


### मतदाता पर्ची का वितरण नहीं होने से परेशानी

शहर के कई वार्डों में इस बार मतदाता पर्ची का वितरण सही तरीके से नहीं किया गया। जिसकी वजह से आज सुबह मतदान के दौरान मतदाताओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। मतदाता वोटर आईडी लेकर मतदान केन्द्र पहुंचे तो वहां से उन्हें यह कहकर वापस भेज दिया गया कि मतदाता पर्ची लेकर आईए, जबकि स्थिति यह थी कि अधिकांश मतदाताओं के पास मतदाता पर्ची नहीं थी, इसके बाद मतदाता प्रत्याशियों के बूथों में पहुंचे, जहां मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम खोजा गया और इसके बाद उन्हें मतदाता पर्ची बनाकर दी गई, तब कहीं जाकर वे मतदान कर सके। विदित हो कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पिछले चुनाव की तरह इस बार भी मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किए जाने के निर्देश दिए गए थे। जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने भी अधीनस्थ अमले को मतदान के पहले मतदाता पर्ची का वितरण किए जाने के निर्देश दिए थे लेकिन इसके बाद भी मतदाता पर्ची के वितरण में जमकर लापरवाही बरती गई। जिसका नतीजा यह रहा कि आज मतदान के दौरान ज्यादातर मतदाताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दीनदयाल उपाध्याय वार्ड खिरहनी सिंचाई विभाग में मतदान के दौरान मतदाताओं को कई तरह की परेशानियेसां का सामना करना पड़ा। जिम्मेदार अधिकारियों एवं बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाता पर्ची का वितरण नहीं करने के कारण लोगों को बूथ कमांक ढूंढने में परेशानी हुई। मतदाता भटकते हुए मुश्किल से मतदान कर पाए।

### कहीं बूथों में उत्साह तो कहीं खोजे जा रहे थे बूथ

मतदान केन्द्रों के बाहर प्रत्याशियों के बूथ भी बनाए गए थे। निर्वाचन आयोग के निर्देश का इस बार सख्ती से पालन हुआ। आयोग ने पहले ही कह दिया था कि प्रत्याशियों के बूथ मतदान केन्द्रों से 100 मीटर की दूरी पर रहे। प्रत्याशियों ने इस आदेश का पालन भी किया। शहरी क्षेत्रों में तो लगभग सभी वार्ड में प्रत्याशियों के बूथ नजर आए, लेकिन उपनगरीय क्षेत्रों में स्थिति ये रही कि कांग्रेस और भाजपा को छोड़कर अन्य दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों के बूथ भी कहीं-कहीं ही नजर आए।


**PRE. REGISTRATION**

**साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**JOHNSON** Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)